卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवहि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रबद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 15 ♦अंक 54 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(उधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦30 नवम्बर 2016 ♦मूल्य एक रूपया

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को यूनीफार्म वितरित




लालपुर,30 नवम्बर। विगत दिवस स्केल संस्था द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को यूनीफार्म वितरित निकट शिव मंदिर हाल एवं लालपुर गुरूद्वारा में प्रतापपुर,नारायणपुर, श्याम कालोनी, रमेशपुर व लालपुर एवं महाराजपुर के 19आंगनबाडो केंद्रों में 413 बच्चों कोस्कूली यूनीफार्म निःशुल्क वितरित की गयी। यूनीफार्म स्केल संस्था द्वारा प्रशिक्षित ग्रामीण महिलाओं ने तैयार की। इस संस्था के सचिव अरूण सिन्हा ने बताया कि इस सिलाई कलाकेंद्र पर 6 सिलाई मशीन एक ओवर लॉक मशीन, एकफैशन मेकर, मशीन स्केल द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी जिसमें 135 महिलाएं प्रशिक्षित हो चुकी हैं। सिलाई केंद्र के सफल कार्य में शगुन छाबड़ा ने योगदान दिया है। पिछले 15वर्षों से संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक विकास व उत्थान का कार्य कर रही है। संस्था द्वारा कम्प्यूटर साक्षरता, कम्प्यूटर हार्डवेयर, टेलरिंग, ऑप्टिकल फाइबर, सौर ऊर्जा क्षेत्र में 3 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। यह जानकारी रश्मि सिन्हा ने दी।